>

Title: Regarding development of Bareilly as a counter Magnet city under N.C.R.

श्री संतोष गंगवार (बरेली): उपाध्यक्ष महोदय, मेरा निर्वाचन क्षेत्र बरेली उत्तर प्रदेश का एक मुख्य महानगर है। इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्तर्गत इसे काउंटर मैगनेट स्थिति के रूप में विकसित करने का फैसला लिया है। उसके तहत जो नगरीय सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे मिल रही हैं। 25 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बरेली को महानगर घोषित किया गया था। तब से यह महानगर के रूप में विकसित हो रहा है और इसकी प्रक्रिया चल रही है। अभी मुझे ज्ञात हुआ है कि केन्द्र सरकार में बरेली महानगर, महानगर की श्रेणी में सम्मिलित नहीं है। बरेली को छोटे और मझोले नगरों की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। इसलिए वास्तव में बरेली को महानगर की जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे नहीं मिल रही हैं। मैं आपके माध्यम से शहरी विकास मंत्रालय के मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वह इस संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई करें और बरेली को एक महानगर के रूप में अंकित करवा कर संबंधित जो सुविधाएं महानगरों को मिलनी चाहिए, वह दें। आशा है कि वह उसे शामिल करके सुविधाएं देने हेतु निर्देश देने का कष्ट करेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

20.00 hrs

उपाध्यक्ष महोदय : हाउस का समय आठ बजे तक बढ़ाया गया था अब आप कहें तो जीरो ऑवर समाप्त होने तक इसका समय और बढ़ा दिया जाए।

कुछ माननीय सदस्य: जी, हां।